आईआईएम रांची में इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट प्रोग्राम इस सत्र से

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची में पांच वर्षीय एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम का पूर्णकालिक मिश्रित पाठ्यक्रम इसी सत्र से शुरू होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंत में छात्रों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में प्रवेश सैट परीक्षा के अंकों, लिखित क्षमता परीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार और माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर पर समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर होगा।

छात्रों में सांस्कृतिक विकास के साथ कार्यक्रम को मानविकी, सामाजिक विज्ञान, कला और विज्ञान के समन्वय से बहुविषयक बनाया गया है। यह प्रबंधन, लेखा, वित्त, सूचना प्रणाली, डाटा विज्ञान व सामरिक प्रबंधन पर व्यापक जानकारी देगा।

व्याख्यान, कक्षा चर्चा, अनुभवात्मक पाठ, केस स्टडी, समूह परियोजनाएं, इंटर्नशिप और मेंटरशिप जैसे कार्यक्रम छात्रों को मिलेंगे। इसके अलावा इसमें जीवन कौशल से संबंधित पाठ्यक्रम भी शामिल किए गए हैं।

Hindustan, 19.01.2021, Pg. 08